हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, रविवार 16 जून 2024

13 योग बढ़ाता है आत्मविश्वास और आत्मा की होती शुद्धि



14 शिल्ट' नहीं बनेगी बारिश के पानी की 'राह में रोड़ा'



## खबर संक्षेप



### अनेक स्थानों पर लगी ठंडे, मीठे पानी की छबील

**बवानीखेड़ा।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए बवानी खेड़ा में अनेक स्थानों पर मीठे, ठंडे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें यात्रा कर रहे लोगों ने अपने वाहनों को थामकर अपना गला तर किया तो वहीं आसपास के दुकानदारों, रिहायशी मकानों में रहने वाले लोगों ने भी इसका आनंद लिया। हालांकि बड़ा गुरुद्वारा में युवा दल द्वारा काफी माह से इस नेक कार्य के माध्यम से पुण्य कमाने का कार्य किया जा रहा है तो वहीं शनिवार को नागरिक अस्पताल के पास, वीके फोटो स्टेट के पास, बाबा कमाल मंदिर के समीप सहित अन्य स्थानों पर ठंडे, मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को सुविधा दी जिससे लोगों ने इसका आनंद उठाया।

### चावली देवी का 104 साल की उम्र में निधन

**लोहारू।** गांव बिसलवास निवासी वयोवृद्ध और जीवन के 100 से भी अधिक बसंत देखने वाली चावली देवी का शनिवार को 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मास्टर प्रवेश श्योराण की दादी चावली देवी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनके निधन पर पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक ओमप्रकाश बड़वा, पूर्व प्राचार्य ईश्वर सिंह, प्रभुदयाल, चंद्रभान श्योराण, संजय श्योराण, पवन स्वामी, रवींद्र कसवां, रमेश कालीरामना, डॉ. बबीता डूडी, राजवंती, प्रवीण आर्य व सामाजिक संगठनों ने शोक जताया।

### भगत सिंह युवा क्लब का रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब पटौदी के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटौदी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार 16 जून को किया जाएगा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ महाराज तुरंत नाथ करेंगे जो 84 बार रक्तदान कर चुके हैं। रक्तवीर होने के कारण इन्हें राज्यपाल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### पाक्षिक सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 30 को

**चरखी दादरी।** आगामी 16 जून से कस्बा झोझू कलां के सेठ विशंभर दयाल बाबू लाल सामुदायिक भवन परिसर में पाक्षिक सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका समापन आगामी 30 जून को होगा। इसका समय प्रात पांच से आठ बजे तक होगा। इसमें महिला व पुरूष दोनों ही वगार् से नागरिक शिरकत कर सकते हैं। भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी विकास राणा ने बताया कि इसे जिला पंतजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

## पूरे दिन काउंटरों से लाभार्थियों की लाइनें नहीं टूट रही

# 'हैप्पी' पर कर्मचारियों का छूटा पसीना

## छह काउंटरों पर हैप्पी कार्ड को लेकर उमड़ी भीड़, 81 हजार कार्डों की पहुंची खेप

- रोडवेज विभाग ने कार्ड वितरण को लेकर 11 जगहों पर काउंटर लगाए
- कर्मचारियों को छुट्टी के बाद भी कार्ड वितरित करने पड़ रहे

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

सुनने में थोड़ा सा अजीब लगेगा, लेकिन यह सही है कि हैप्पी कार्ड वितरण में रोडवेज कर्मचारियों को जबरदस्त पसीना बहाना पड़ रहा है। हालांकि रोडवेज विभाग ने हैप्पी कार्ड वितरण को लेकर 11 जगहों पर काउंटर लगाए हैं, लेकिन उसके बावजूद पूरे दिन काउंटरों से लाभार्थियों की लाइनें नहीं टूट रही। सुबह से लेकर शाम तक रोडवेज कर्मचारी लाभार्थियों के कार्ड वितरण में जुटे हैं। हालात ये बने हैं कि कर्मचारियों को छुट्टी के बाद भी हैप्पी कार्ड वितरण करने पड़ रहे हैं। फिलहाल रोडवेज विभाग के पास 95 हजार हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन पंजीकृत हो चुके हैं।





भिवानी। हैप्पी कार्ड लेने के लिए लाइनों में खड़े लाभार्थी व बस अड्डे पर कार्ड लेने के लिए उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि

सुबह सवेरे बस स्टैंड पर महिलाओं के साथ पुरुषों की भी भीड़ पहुंचने लगी। जिस तरह से दिन चढ़ना शुरू हुआ तो भीड़ बढ़ने लगी। रोडवेज विभाग ने हैप्पी कार्ड वितरण के लिए बस स्टैंड पर छह काउंटर लगाए हुए थे। जिन पर कार्ड पाने वालों की लाइन लंबी लग गई। मानो ऐसा लग रहा था कि लाइनों में टिकट लेने के लिए लोग लगे हुए हैं। लेकिन उनसे पता करने पर जानकारी मिली कि उक्त व्यक्ति हैप्पी कार्ड के लिए लाइनों में खड़े पूरे दिन लोगों की लाइनें बनी रही। शाम तक इसी तरह का सिलसिला जारी रहा। विगत में सीएम मनोहर लाल ने जिन लोगों की सालाना आय एक लाख या इससे कम है। उन परिवार के लोगों को हैप्पी कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिनके पास यह कार्ड होगा वे लोग सालभर में एक हजार किलोमीटर की यात्रा निःशुल्क कर सकेंगे, जिनके अब कार्ड वितरित किए जा रहे हैं।

### कार्ड वितरण के लिए 11 काउंटर खोले

*बताया जा रहा है लोगों को हैप्पी कार्ड वितरण के लिए 11 काउंटर खोले गए है। छह भिवानी बस स्टैंड पर तो 3 तोशाम तथा दो लोहारू के शामिल है। प्रत्येक काउंटर पर चार कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। वे पूरी जांच पड़ताल के बाद ही लोगों को हैप्पी कार्ड वितरित कर रहे है। रोडवेज जीएम ने बताया कि अभी तक 95 हजार लोगों ने हैप्पी कार्ड के लिए पंजीकरण करवाया है। 81 हजार कार्ड उनके पास पहुंच गए है। अभी तक 14 से 15 हजार के आसपास लोगों को कार्ड वितरित भी किए जा चुके है। लाभार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जा रही है। कार्ड वितरण के लिए अगर और काऊंटर खोलने पड़े तो भी नए काउंटर भी स्थापित करेंगे।*

# राज्यपाल से सम्मानित वैश्य मॉडल स्कूल के 11 विद्यार्थी



भिवानी। महामहिम राज्यपाल के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

वैश्य मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने जिला बाल विकास कल्याण की ओर से आयोजित जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट तथा वैश्य मॉडल प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इसी तरह परिश्रम व निष्ठा के साथ पाठ्य एवं पाठ्येतर गतिविधियों में निरंतर प्रतिभागिता करते रहने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि जिला बाल विकास कल्याण की ओर से स्केचिंग ऑन द सपोर्ट, पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डांस, प्रश्नोत्तरी, सोलो डांस, देशभक्ति गीत, भाषण, रंगोली, फैंसी ड्रेस, नाटक मंचन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। उक्त प्रतियोगिताओं में वैश्य मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जिला स्तर पर 12 प्रतियोगिताओं में प्रथम, बारह में द्वितीय, आठ में तृतीय और तीन प्रतियोगिताओं में चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त कर चौदह प्रतियोगिताओं में जोनल स्तर के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। जोनल स्तर पर भी विद्यार्थियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रख चार प्रतियोगिताओं में प्रथम, दो में द्वितीय और एक प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने बधाई दी।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मियों से रुपये छीनने के चार आरोपी पकड़े

- अनीश कुमार ने थाना तोशाम में दर्ज करवाई थी शिकायत
- रतेरा में कलेक्शन करके लौटते समय हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

सीआईए स्टाफ.2 भिवानी की टीम ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से रुपये छीनने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की सीआईए स्टाफ.2 भिवानी इंचार्ज निरीक्षक रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अनीश कुमार निवासी फरीदपुर थाना उकलाना ने थाना तोशाम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह फाइनेंस तोशाम में नियुक्त है और 10 जून को अपनी मोटरसाइकिल पर गांव रतेरा में कलेक्शन के लिए आया हुआ था और जो गांव में कलेक्शन करने के बाद जब वह गांव से निकलना तो मोटरसाइकिल सवार कुछ व्यक्तियों के द्वारा शिकायतकर्ता के ऊपर हमला करके रुपये से भरे बैग को छीन कर ले गए थे।

### चारों आरोपी रतेरा के निवासी

सीआईए स्टाफ.2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार ने अपनी टीम के साथ फाइनेंस कर्मचारी से रुपए छीनने के मामले में चार आरोपियों रतेरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। 'गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मलकीत सिंह पुत्र शिवलाल निवासी रतेरा,सुनील पुत्र राजेंद्र निवासी रतेरा, अशोक पुत्र रामकिशन निवासी रतेरा व साहिल पुत्र ईश्वर सिंह निवासी रतेरा के रूप में हुई थी।

VAISH MODEL SR. SEC. SCHOOL
Loharu Road, Bhiwani (Hr.)
Ph.: 01664-242386, 254742, 07056754742
Aff. to CBSE, New Delhi, E-mail: vmsbhiwani@gmail.com
REQUIRES
• P.G.T. : Physics, Chemistry, Mathematics, English, History, Pol. Sci, Painting
• T.G.T. : English, Hindi, Maths, Science, S.St., Computer, Sanskrit
• English Teacher for Spoken Skills, Counsellor • Peon, Driver, Security Guard
VAISH INTERNATIONAL SCHOOL, BHIWANI
• NTT, Primary Teacher, Dance Teacher
Salary negotiable, Apply within 10 days with Complete Bio-data & Latest photograph
(After date of publication of this advertisement)
Shiv Rattan Gupta: (President) | Pawan Buwaniwala: (Gen. Secretary) | Kamla Gureja: (Principal)

# नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम को लेकर थाना प्रभारी ने ली चौकीदारों की बैठक

- थाना प्रभारी बोले, साइबर क्राइम होने पर 1930 पर करें सूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बवानीखेड़ा

थाना बवानी खेड़ा में थाना प्रबंधक जितेन्द्र कुमार द्वारा क्षेत्र के गांवों के चौकीदारों संग मीटिंग ली। मीटिंग में अनेक चौकीदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि युवाओं में नशे की आदत बढ़ती जा रही है इसलिए सबसे पहले अपने घर के युवाओं को इसके बारे सचेत करना है ताकि नशे से बचा जा सके। उसके बाद उन्होंने रोजाना बढ़ रहे साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक करते हुए बताया कि झूठी कॉल के सहारे लोगों को ऐठनें के मामले अधिक आ रहे हैं बिना जाने किसी को भी ओटीपी न दें ताकि बड़े क्राइम पर अंकुश लग सके। ऐसे मामले होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।



बवानीखेड़ा। थाना कार्यालय में चौकीदारों संग मीटिंग में शपथ लेते हुए।

# बिजली उपभोक्ताओं को दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी

भाजपा जिलाध्यक्षा डॉ. किरण कलकल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। शहरी व ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं के न्यूनतम मासिक शुल्क को बिजली बिल से पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

डॉ किरण ने पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों से चर्चा कर रही थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा के सभी बिजली उपभोक्ताओं को दी सौगात के रूप में शहरी व ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं के 2 किलो वाट तक के घरेलू कनेक्शन पर न्यूनतम मासिक शुल्क को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक तरह की योजनाओं का लोकार्पण कर श्रमिकों को आर्थिक रूप से लाभ दे रही है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेशभर में 44 मोबाइल डिस्पेंसरी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। प्रदेश में सभी निर्माण स्थलों पर ही श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और उनको स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी।



चरखी दादरी। भाजपा पदाधिकारियों से चर्चा करती जिलाध्यक्षा डॉ. किरण कलकल।

## दो दिन में ठीक करने का दिया था आश्वासन, बीस दिन बाद भी समाधान नहीं

# पेयजल समस्या को लेकर जताया रोष


हरिभूमि न्यूज ▶▶। बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वार्ड 12 में सप्ताह में एक बार पानी आने व घरों तक पानी न पहुंचने पर वार्डवासियों ने मटके फोड़कर रोष प्रदर्शन किया व मंगलवार को जलघर को ताला लगाकर उपायुक्त कार्यालय पर धरना देने की बात कही तो विभाग के कनिष्ट अभियंता ने चार दिनों में समस्या के समाधान की बात कही। वार्डवासियों में रमेश, सुरेन्द्र, मुरारी, सीमा, सुरेन्द्र, प्रिती, सुमित्रा रानी, किरण, सुरेश, किरण, सरोज, शीला, संतोष आदि ने बताया कि उनके घर नागरिक अस्पताल के साथ वाली गली में स्थित हैं। उनके घरों में पिछले काफी समय से पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची है जिसके चलते उन्हें दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इसके बारे में विभाग के कनिष्ट अभियंता द्वारा दो दिन में समस्या का समाधान का आश्वासन देने की बजाए 20 दिनों तक समस्या का हल न होने पर वार्डवासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वार्डवासियों ने समस्या के समाधान न होने पर मटके फोड़कर रोष प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वार्डवासियों की मानें तो इसके बारे में कई बार विभाग को अवगत करवाया गया। वार्डवासियों ने बताया कि यदि सोमवार तक समाधान नहीं हुआ तो वे जलघर को ताला जड़कर जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना देंगे। दूसरी तरफ इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि तीन.चार दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



बवानीखेड़ा। पीने के पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

Admission Open
NAAC Accredited B++
Approved Under Section 2 (F) & 12 (B) of the UGC Act 1956
ISO 9001 : 2015- Quality Management Systems
a GD Birla Initiative Estd. 1943
PROGRAMMES OFFERED
B.Tech :
• Textile Technology
• Textile Chemistry (12th Medical Student also eligible)
• Fashion & Apparel Engineering (12th Medical Student also eligible)
• Electronics & Communication Engineering
• Computer Engineering
2nd year LEET after Diploma & B.Sc.
M. Tech (Textile Technology)
Management :
• Bachelor of Business Administration (BBA)
• Master of Business Administration (MBA)
Why at TIT&S :
• A pulsating student's environment
• Excellent Placements
• Strongest Alumni base
• Excellent Labs for Practical and research opportunities
• Fully equipped laboratories
• Most reasonably priced hostels and cooperative mess
MoUs/Tie-ups with International/national Institutes and Industries as academic and knowledge partners like.
• The Woolmark, Australia
• The Textile Institute, Manchester
• Textile Engineering TU, Czech Republic
• Kesoram Industries Ltd.
• University of Huddersfield, UK
ABILITY ENHANCEMENT CERTIFICATION PROGRAMMES
• Artificial Intelligence and Machine Learning
• Blockchain Technology Application in Textile/Garment Industry
• Tally & GST (For MBA & BBA)
• Certificate by AICTE on Universal Human Values (Personality) Development, Life Skills, Stress, Negotiations Skill etc.
• Internet of Things (IoT)
• Digital Marketing
• Reasoning & Apritude Skills
The Technological Institute of Textile & Sciences
Birla Colony, Bhiwani-127021 (Haryana)
70567-42561-62-63
01664-242561-62-63
enquiry@titsbhiwani.ac.in
www.titsbhiwani.ac.in



# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें


*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं कि करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसिी तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

योजना
बिजनेस डेस्क

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आअर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्यूचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्च एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्यूचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्यूचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्यूचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान

### फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें


**निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं**

वित्तीय प्लानिंग
बिजनेस डेस्क

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि डालने का सीधा प्रसारण

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जून को किसान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं क़िस्त जारी की जाएगी। इस कार्यक्रम का जिला के प्रत्येक खंड में लाइव कास्ट किसानों को दिखाया जाएगा और कार्यक्रम के दौरान किसानों हितों से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### सहभोज कार्यक्रम में लिया पदाधिकारियों ने भाग

**चरखी दादरी।** गांव गिगनाउ में सेवानिवृत सुबेदार मांगेराम द्वारा उनके पौत्र अमित कुमार के बतौर लेफिनेंट बनने पर आयोजित सहभोज कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। पूर्व गौरव सैनिक सोसायटी दादरी प्रधान सुबेदार सोमबीर शर्मा, महासिचव सुबेदार राजेश फौगाट, कोषाध्यक्ष उमेद सिंह, कोर कमेटी सदस्य हजारी लाल व अन्यों ने होनहार को स्मृति चिह्न भेंट किया

### पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने पर सम्मानित

**चरखी दादरी।** गर्मी के बीच नगर के विभिन्न मार्गों पर आने जाने वाले राहगीरों व नागरिकों को ठंडा पेयजल निशुल्क उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को लेकर नगर नागरिकों रिंकू डिंपी सिंगला व नीरज स्वामी तथा अन्य साथियों द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है वो अत्यंत ही सराहनीय है। यह बात डाक्टर राजेश सनवाल व डाक्टर नरेंद्र ने कही। उन्होंने रिंकू डिंपी सिंगला व नीरज स्वामी को सम्मानित किया।

### युवती लापता, गुमशुदगी की शिकायत दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से एक करीब 20 वर्षीय युवती लापता हो गई। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह दोपहर में घर पर सोया हुआ था तथा उसकी 20 वर्षीय बेटी भी घर पर ही थी।

### फेरी लगाकर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

**चरखी दादरी।** जिले के गांव सांवड़ में झिंझर रोड पर बाबा बिल्लीवाला जोहड़ आश्रम में बाबा हरसुख दास इतनी तपती गर्मी में पंचधुणी तपस्या में लीन हैं। तपस्या के दौरान गांव की महिलाएं भजन कीर्तन करती है और धुणी में लीन बाबा की फेरी लगाकर मन्नते मांगी। उन्होंने कहा कि तपस्या 22 जून को पूरी हो रही है।

## योग व योगा मनुष्य के लिए बहुत जरूरी: बीके सुमित्रा

# योग बढ़ाता है आत्मविश्वास और आत्मा की होती शुद्धि

### नेहरू पार्क में योगाभ्यास पर साप्ताहिक संगोष्ठी व योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा नेहरू पार्क में राजयोगिनी बीके सुमित्रा व बीके कीर्ति बहन द्वारा योगाभ्यास में विकल्प और विघ्न विषय पर साप्ताहिक संगोष्ठी व योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्मावत्सों व आमजन को संदेश देते हुए राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि योग और योगा मनुष्य के लिए बहुत जरूरी हैं। इन दोनों का जीवन विशेष महत्व होता है। योगा से हमारा शरीर स्वस्थ व सुदृढ़बनता है, लेकिन योग से हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ता, आत्मा की शुद्धि होती और आत्मा का परमपिता परमात्मा शिव से मिलन होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर योग व योगा करना चाहिए, जिससे की हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ व मजबूत हो सकें। इसके साथ-साथ उन्होंने भीषण गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधे लगाकर उनका पालन करने का संदेश दिया।



**भिवानी।** नेहरू पार्क में योगाभ्यास करती बीके भाई बहनें। *फोटो : हरिभूमि*

### नियमित करते रहोगे योग तो सदा रहोगे निरोग: बंसल

**चरखी दादरी।** प्रभात मंडल के प्रधान सुरेश ऐरण द्वारा प्रतिदिन वैश्य कन्या वमा विद्यालय में सुबह 5:30 बजे से 7 बजे तक व्यायाम करवाया जाता है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। मंडल के सदस्य अंकित गुप्ता ने बताया कि व्यायाम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखना है। योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम बंसल ने बताया कि हमें प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम अवश्य करना चाहिए। स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए, यदि हम योग करते रहेंगे तो सदा निरोग रहेंगे। इस दौरान श्याम सुंदर चिड़िया, कृष्ण कुमार अचीना, जयभगवान, कृष्ण कुमार, कैलाशचंद, ओमप्रकाश, बजरंग, अनिल, रामनिवास शर्मा, बजरंग गर्ग, नरेश आदि का विशेष सहयोग रहता है।



**चरखी दादरी।** योगाभ्यास करते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

# बाढ़ड़ा में सतनाली रोड पर पुल तोड़ने से यात्रियों को परेशानी

- सतनाली रूट पर बसों का आवागमन हुआ बाधित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा**

बाढ़ड़ा कस्बे में सतनाली रोड़ पर नहर पर स्थित पुल को तोड़कर दोबारा से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते बाढ़ड़ा सतनाली मुख्य सड़कमार्ग पर वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाढ़ड़ा से सतनाली रूट पर बसों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावि होने के कारण यात्रियों को भी दिक्कतें उठानी पड़ी। बाढ़ड़ा बस स्टैंड प्रभारी ने मांग की है कि बसों की आवाजाही का प्रबंध किया जाये ताकि गर्मी के मौसम में यात्रियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े और वे अपने गंतव्य तक पहुंच सके। बता दें कि सिंचाई विभाग द्वारा सड़क पर जो पुल हैं उनको तोड़कर नया बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाढ़ड़ा-सतनाली सड़कमार्ग पर स्थित पुल को भी तोड़ा गया है और वहां पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस दौरान वहां से बसें व भारी वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। जिससे यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बालू मिट्टी होने के कारण छोटे वाहन निकालने में भी खासी दिक्कते पेश आ रहे हैं। भिवानी, तोशाम आदि से सतनाली की ओर जाने वाले बसें बाढ़ड़ा बस स्टैंड से आगे नहीं जा पाई। इसी दौरान जिन सवारियों ने तोशाम, भिवानी आदि से सतनाली का टिकट लिया था लेकिन बस बाढ़ड़ा से आगे नहीं जा पाने के कारण परिचालकों के साथ बहस करती भी नजर आई।



बाढ़ड़ा में सतनाली रोड पर चल रहा पुल निर्माण का कार्य। *फोटो : हरिभूमि*



**बाढ़ड़ा।** बसें नहीं जाने पर रोडवेज कर्मी से बात करती महिला यात्री।



**बाढ़ड़ा।** रास्ते पर कार को धक्का देकर निकालते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### समस्या का जल्द किया जाये समाधान

बाढ़ड़ा बस स्टैंड प्रभारी हरेंद्र सिंह ने कहा कि पुल निर्माण कार्य के चलते रास्ता पुरी तरह से ब्लॉक होने के कारण बसें सतनाली की ओर नहीं जा पाई है। बसों को बस स्टैंड पर रोका गया और जब सवारियां बनी तो उन्हें वापस उन्हीं रूटों पर भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने मांग की है कि जब तक निर्माण कार्य चलता है वहां से बसों के निकालने के लिए रास्ता बनाया जाए ताकि बसों का आवागमन सुचारू रूप से होता रहे।

# बवानीखेड़ा में परिवर्तन की लहर

- कांग्रेस पार्टी को 20 साल बाद मिली ऐतिहासिक जीत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि हलका बवानीखेड़ा में परिवर्तन की लहर दौड़ रही है, जिसका परिणाम हम लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को 20 साल बाद मिली ऐतिहासिक जीत के रूप में देख रहे हैं। ये बात मास्टर सतबीर रतेरा ने गांव नाथूवास में अपने जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए कहीं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली समावेशी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते ही आज हर वर्ग उसके साथ जुड़ रहा है और उसके नीतियों में विश्वास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बवानीखेड़ा हलका इस बार पूरे बदलाव के मुड में हैं और लोकसभा चुनाव तो भाजपा के लिए एक झांकी थी इसके बाद अब विधानसभा चुनाव में उठने वाली परिवर्तन की आंधी अभी बाकी है। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि आज हर वर्ग भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। लोगों को खेती के लिए तो दूर पीने तक का पानी नहीं मिल रहा है। इस भयंकर गर्मी में लगातार लग रहे बिजली कटों ने लोगों का जीना दुभर कर रखा है। कांग्रेस नेता ने कहा जो सरकार अपनी जनता को बिजली.पानी तक मुहैया न करवा सकें ऐसी निक्कमी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने में ही जनता की



**भिवानी।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते मास्टर सतबीर रतेरा।

# सीजेएम कपिल राठी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम कपिल राठी ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की, जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिलाए जिसे निःशुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में इस बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इस सखी वन सेंटर का लाभ उठा सकेंगी। सीजेएम.कम.सचिव ने कहा कि महिला व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते है। इस हेल्पलाइन से महिलाओं व बच्चो को सरकारी योजनाओं और कार्यक्त्रमों से लाभ मिलने में आने वाली परेशानियों के समाधानए हिंसा और उत्पीड़न की शिकायतों के लिए बनाया गया है। हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 24 घंटे आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे एकीकृत समर्थन प्रदान करना है।

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद, पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल जांच इलाज की व्यवस्था, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके लिए रोजगार उपलब्ध करवाना, आपात स्थिति में रहने.खाने और ईलाज की सुविधा उपलब्ध, सेंटर में कानूनी सलाह के लिए पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराना, साथ ही पीड़ित महिला एवं बालिका को मनोवैज्ञानिक परामर्श और काउंसलिग की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं को न्याय प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

# गर्मी में मनीषा ने चलाए पानी के टैंकर

**चरखी दादरी।** भीषण गर्मी में बनी पेयजल किल्लत को देखते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा सांगवान ने शहर के लिए टैंकर से पानी की निशुल्क पानी की सप्लाई शुरू की है। टैंकर से शहर में पानी पहुंचाकर लोगों की प्यास बुझाने का काम किया जा रहा है। पानी टैंकर सेवा करते हुए कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान ने कहा कि बीते काफी समय से चरखी दादरी शहर के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। लोग प्रशासन व सरकार से गुहार लगाकर थक चुके हैं लेकिन अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिए जाने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के मौसम मे तो लोगों को और अधिक समस्या झेलनी पड़ रही हैं। उसी को ध्यान में रखते हुए शहर वासियों के लिए ये एक छोटी सी मुहिम चलाई हुई है ताकि लोगों को पेयजल समस्या से कुछ निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जब तक शहर में समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता है वे शहर मे फ्री पेयजल सेवा प्रदान करते रहेंगे। सांगवान ने कहा कि शहर के जिस भी कोने से पेयजल के लिए फोन कॉल आ रहे हैं वहां पर टैंकर पहुंचाए जा रहे हैं ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत का सामना ना करना पड़े।




**चरखी दादरी।** टैंकर से पानी भरते लोग।

# हरियाणवी बोली को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

- डॉ. बेचैन ने नवनिर्वाचित सांसदों को ट्वीट कर उठाई मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

हरियाणवी बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाना ही हमारे जीवन का आखरी लक्ष्य है और इस लक्ष्य के लिए हम अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे। उक्त वाक्य पंडित लख्मीचंद सम्मान से हरियाणवी कवि, चिंतक एवं हरियाणवी भाषा विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीएम बेचैन ने कहे। मंच के माध्यम से एक बार फिर हरियाणवी को भाषा का दर्जा दिलाने की मांग करते हुए डॉ. बैचेन ने हरियाणा प्रदेश के सभी दसों नवनिर्वाचित सांसदों को पत्र के माध्यम से ट्वीट करके अनुरोध किया है। सांसदों को ट्वीट कर टैग किए पत्र के अनुसार नवनिर्वाचित सांसदों राव इंद्रजीत सिंह, धर्मवीर सिंह, मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, कुमारी शैलजा, जयप्रकाश जेपी, सतपाल ब्रह्मचारी, वरूण चौधरी, नवीन जिंदल और दीपेंद्र हुड्डा को मंच ने प्रदेश की जनता की ओर से निवेदन किया कि सभी सांसद एकजुट होकर लोकसभा में हरियाणवी बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने की पुरजोर मांग करें। पत्र में ये भी बताया कि सिर्फ 2012 में तत्कालीन सांसद नवीन जिंदल एवं दीपेंद्र हुड्डा ने सिर्फ एक बार लोकसभा में ये मुद्दा उठाया था बाकि 1966 से वर्तमान तक किसी भी सरकार व सांसदों ने ऐसा प्रयास नहीं किया है। डॉ बेचैन ने कहा कि सभी सांसद एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे तो हरियाणवी प्रेमी और कलां संस्कृति के संवाहक प्रधानमंत्री मोदी हरियाणवी को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित करने का आदेश दे सकते है। ट्वीट के माध्यम उठाई मांग से एक बार फिर प्रदेश के साहित्यिक विद्वानों में कमर कसनी आरंभ कर दी है और अपने अपने क्षेत्र के सांसदों से गुहार लगाई है कि वे इस दिशा में एकजुटता दिखाएं।



सांसदों को ट्वीट किए पत्र को दिखाते हरियाणवी भाषा विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. वीएम बेचैन। *फोटो : हरिभूमि*



### किरावड़ में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के गांव किरावड़ में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा घरों में दी जाने वाली सप्लाई को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष पैदा हो गया है। ग्रामीण कई दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। क्योंकि कई दिनों से जल घर से घरों में पानी सप्लाई नहीं हो रही। इस समस्या को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिलाओं बच्चों समेत जल घर में इकट्ठा होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना रोष प्रदर्शन किया।वही ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा उनके घरों में दिए जाने वाली पानी की सप्लाई कई दिनों से बंद है। इसकी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों तक भी की लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस भयंकर गर्मी की समस्या से भी पहले ही जनजीवन अस्त.व्यस्त है ऊपर से पानी की इस समस्या से भी उनके जीवन पर बहुत अधिक असर पड़ा है। ग्रामीणों को पानी बहुत दूर.दूर से अपने साधनों द्वारा लेकर आना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए भी पीने के पानी की भारी कमी हो गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या की ओर ध्यान दें।

### हीट वेव के चलते न करें पौधरोपण

# मानसून व वन महोत्सव के समय करें पौधरोपण : भारद्वाज

**हरिभूमि न्यूज,भिवानी**


मौसम विभाग के मुताबिक 30 जून तक हरियाणा में मानसून दस्तक दे सकता है, विभाग के मुताबिक करीब 16 व 17 जून तक मानसून महाराष्ट्र को कवर कर लेगा। इसके बाद 25,26 जून तक मध्यप्रदेश और गुजरात से होकर 30 जून तक दिल्ली.एनसीआर में प्रवेश करेगा। जिसके बाद बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हरियाणा एनसीआर में भी मानसून 30 जून को दस्तक दे सकता है। इस लिए पर्यावरण प्रेमी भी तैयार रहे और मानसून की दस्तक का पौधारोपण के साथ स्वागत करें, तब तक पौधों को लगाने की बजाए उन्हें संरक्षण दें। उपरोक्त विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण अभियान के सूत्र धार एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि देश में मानसून विभाग कि तरफ से मानसून कि दस्तक का संकेत मिल चूका है। इसलिए सभी सामाजिक, धार्मिक,स्वयंसेवी संस्था,शिक्षा व खेल से जुड़े शिक्षण संस्थान, युवा मंडल, महिला मंडल,सरकारी व गैर सरकारी संस्थान,मानसून व वन महोत्सव के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करें। ताकि धरा को हरा भरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के बैनर के साथ जिले में हजारों पौधों का रोपण होगा, जिसका शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव हरियाणा और राजस्थान के बॉर्डर से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पर्यावरण,खेल एवं युवा मंत्रालय से जुड़े प्रबुद्ध व्यक्तियों का भी बड़ा योगदान होगा। जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवोर्डी अशोक भारद्वाज ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार मानसून निर्धारित तारीख से चार दिन पहले ही गुजरात पहुंच गया है। हरियाणा में भी 25 जून के आसपास भी पहुंच सकता है। पंजाब और हरियाणा सहित अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में रहने वाले लोगों को भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अभी कुछ और दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार इस बार देश भर में मानसून की अवधि पिछले साल की तुलना में लंबा चलने की खबर है। ऐसा होने पर औसत एलपी, बारिश 106 प्रतिशत से ज्यादा होने का पूर्वानुमान है। इस बार जून से सितंबर 2024 तक मानसून सीजन के दौरान जमकर बारिश हो सकती है। इसी अंतराल में हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।



**भिवानी।** पौधों की देखभाल करते हुए।

# आर्य का किया स्वागत



बिशन सिंह आर्य को सम्मानित करते आयुष विभाग के अधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी**

रक्तदान के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर बिशन सिंह आर्य का आयुष विभाग की तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन किया। सर्वप्रथम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ, पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सत्यप्रकाश गुप्ता, जिला समन्वयक अधिकारी डॉ. परिमल फोगाट, डॉ. सुनील जांगड़ा, डॉ. रविंद्र कादयान ने विभाग की तरफ से सम्मानित किया। डॉ. राकेश वशिष्ठ, जिला समन्वयक अधिकारी डॉ. प्रमिल फौगाट ने कहा कि मनुष्य का जीवन परमार्थ के लिए बना है। ईश्वर ने हमें मनुष्य के रूप में जन्म दिया है, अतः हमें अधिक से अधिक सेवा करके इस जन्म को सार्थक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्काम भाव से सेवा करने का फल सामान्य फल नहीं होता, विशेष फल होता है। लोगों की दुआओं से वर्तमान और अगला दोनों जीवन है वह सफल होते हैं।

**सूचना**

मैं, हिम्मत पुत्र श्री गनपत निवासी हरिजन कालोनी, गांव अचीना, तहसील व जिला चरखीदादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


भिवानी। राहगीरों को मीठा पानी पिलाते दुकानदार।

### दुकानदारों ने लगाई मीठे पानी की छबील

**चरखी दादरी।** भीषण गर्मी के चलते शनिवार को पुरानी सब्जी मण्डी रोड पर दुकानदारों ने राहगीरों के लिए ठंडे, मीठे शरबत के पानी की छबील लगाई। दुकानदारों ने वहां से गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया। जयभगवान मस्ताना ने कहा कि गर्मियों में पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है, गर्मी में प्यास बुझाना धर्म का कार्य तो है ही भाईचारे को भी बढ़ाता है।

### ग्वार की बिजाई के लिए अब सबसे बेहतर समय: डॉ. यादव

**भिवानी।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ग्वार की अधिक बिजाई करके तथा उत्पादकता बढ़ाने के मकसद से जिला के खंड बहल के गांव बैरान में ग्वार फसल पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया,इसमें किसानों को सही समय पर बिजाई, बीजोपचार, संतुलित खाद का प्रयोग व खरपतवार नाशक दवाई के प्रयोग न करने की जानकारी दी।

### मनोज वन कर्मचारी संघ के प्रधान बने

**भिवानी।** वन कर्मचारी संघ सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक सम्मेलन जिला प्रधान हंसराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रधान मनोज कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान अंकित, उप प्रधान प्रदीप शर्मा व दिलबाग, सचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी, सहसचिव सुमित कुमार व राजेश कुमार, संगठन सचिव हंसराज को चुना गया।

# पेयजल किल्लत: ग्रामीणों ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

## रोड जाम करने की दी चेतावनी,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

भीषण गर्मी के मौसम में गांव श्यामकलां में पेयजल किल्लत बनी हुई है, जिससे परेशान ग्रामीणों में समस्या को लेकर रोष बना हुआ है। गांव के महिला व पुरूष गांव में एकत्रित हुए और महिलाओं ने श्यामकलां सरपंच कमांडो रमेश रांगी की अगुवाई में खाली मटके फोड़कर प्रदर्शन किया। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र समस्या पर संज्ञान नहीं लिया तो वे रोड़ जाम करेंगे व अधिकारियों के कार्यालय पर पहुंचकर धरना शुरू करेंगे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में बड़ा वाटर टैंक है, जिसमें बड़ी मात्रा में पानी स्टोरेज कर दूसरे गांवों में भी पानी की आपूर्ति की जा सकती है। वाटर टैंक में पानी भी है लेकिन पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाईन पुरानी होने के कारण पुरी तरह से जर्जर हाल हो चुकी है। वहीं पानी फिल्टर करने का सिस्टम भी पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। जिसके चलते दूषित पानी की आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि पीने योग्य पानी की आपूर्ति न होने के कारण दूसरे गांव से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे रोड जाम करने को मजबूर होंगे व अधिकारियों के कार्यालय पर पहुंचकर धरना देंगे।


भिवानी। श्यामकलां में सरपंच की अगुवाई में मटका फोड़ प्रदर्शन करती महिलाएं।

### लोग पड़ रहे बीमार: सरपंच

*श्यामकलां के सरपंच कमांडो रमेश रांगी ने कहा कि वाटर वर्कस 20 से 20 साल पुराना है जहां सही ढंग से पानी फिल्टर नहीं हो पाने के कारण दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और लोगों में विभाग व प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। सरपंच ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों व विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन केवल आश्वासन मिले हैं समस्या की ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है।*



# बुजुर्ग के लिए डीएलएसए प्रदान कर रहा है नि:शुल्क सहायता : सीजेएम

**भिवानी।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया के निर्देशानुसार कृष्ण प्रणामी आश्रम में संचालित अपना घर में कानूनी शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी ने बुजुर्गों को दुर्व्यवहार से बचाव के लिए कानूनी सहायता की जानकारी दी। जागरूकता शिविर में सीजेएम कपिल राठी ने कहा कि आज के दिन विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है। यह दिन बुजुगोंर् के पक्ष में आवाज उठाने के लिए मनाया जाता है, जो दुर्व्यवहार से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि जब सारी जिम्मेदारियों को निभाते.निभाते बुढ़ापे की ओर उम्र ढलने लगती है और आप शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने लगते हैं, तो कई बार परिवार और समाज के उपेक्षा के शिकार होने लगते हैं।

## नगरपरिषद के कर्मचारी नालों की सफाई में जुटे

# 'शिल्ट' नहीं बनेगी बारिश के पानी की 'राह में रोड़ा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। प्री मानसून की बारिश में भी शहर में जलभराव नहीं होगा। क्योंकि नगरपरिषद ने शहर के नालों की गाद निकालनी शुरू कर दी है। हालांकि शहर में पब्लिक हेल्थ के भी नाले है,लेकिन नगरपरिषद ने उसके क्षेत्र या उनके अंतर्गत आने वाले नालों की ही सफाई करनी शुरू करवाई है। ताकि बारिश के दिनों में शहर में जलभराव की स्थिति न बन पाए। नगरपरिषद के आधीन करीब दस किलोमीटर लंबे नाले है। जिनकी सफाई की जिम्मेदारी नगरपरिषद की है। जानकारी के अनुसार नगरपरिषद ने प्री मानसून में शहर में जलभराव की समस्या से बचने के लिए नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। फिलहाल इन नालों में जमी गाद व पॉलीथिन को निकलवाया जा रहा है। ताकि बारिश हो या घरों से निकलने वाला पानी गली व सड़कों पर फैलने की बजाए नाले के जरिए आगे निकल जाए। शनिवार को कमेटी के सफाई कर्मचारियों की टीम ने शिक्षा मार्ग स्थित नालों की सफाई की। इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों ने नालों में जमी गाद को बाहर निकाला। उक्त नालों में कहीं पर आधा तो कहीं पर एक फुट तक शिल्ट जमा थी। जिसकी वजह से पानी सड़कों व गलियों में फैलता था। अब पानी सीवर व नालों के माध्यम से आगे बहने लगेगा।


भिवानी। नाले से शिल्ट निकालते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### क्या कहते हैं चेयरपर्सन

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि वैसे तो मानसून आने में वक्त है। बारिश से पहले हमेशा टेंडर लगाकर नालों की सफाई करवाई जाती है,लेकिन फिलहाल शहर में सभी नालों की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। ताकि मानसून आने से पहले प्री मानसून की बारिश आई तो शहर में किसी भी स्थान पर जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी। नाले साफ होंगे तो पानी तुरंत डिस्पोजल तक पहुंच जाएगा। फिलहाल उन नालों की सफाई करवाई जा रही है। जिनमें ज्यादा गाद जमी है।

# राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रयास संगठन का किया सम्मान

- पुरस्कार मिलने पर संगठन सदस्यों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

रक्तदान सहित समाजसेवा और पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे लोहारू के सामाजिक संगठन को रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया है। ये सम्मान अंबाला के एसडी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अंबाला कैंट से विधायक एवं पूर्व गृहमंत्री अनिल विज व खेल राज्यमंत्री संजय सिंह की उपस्थिति में संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी व रविंद्र कस्वां ने ये सम्मान ग्रहण किया। संगठन को सम्मान मिलने पर संगठन सदस्यों ने खुशी जाहिर की है। बता दें कि प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा पिछले आठ वषांर् से रक्तदान, समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र कथूरिया और डॉ. उमेद जांगिड़ ने बताया कि संगठन द्वारा जिला रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में अनेक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं और इसके अलावा जब भी जरूरत होती है व्यक्तिगत रूप से भी रक्तदान करवाया जाता है। संगठन द्वारा कोरोनाकाल में रक्तकोष में रक्त की कमी के चलते दो विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए। संगठन द्वारा सामाजिक गतिविधियों में भूमिका निभाने पर सरकार द्वारा अंबाला में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की चंडीगढ़ शाखा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह संगठन को सम्मानित किया। संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी ने बताया कि वह रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य हैं और इससे पहले भी 2021 में भगतसिंह, राजगुरु और संगठन ने तीन रक्तदान शिविर लगाकर योगदान देकर संस्था को आईजी राकेश आर्य ने इंटरनेशनल लाइफ सेवर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अवार्ड मिलने पर जितेंद्र जिंदल, मनोज सिंघल, रिंकू, श्यामसुंदर सांगवान, सुनील शर्मा, डॉ. अनिल जोशी, प्रवेश श्योराण, सोनू, महेश शर्मा, नमन शर्मा, डॉक्टर रेखा श्योराण, चंद्रावती, अनिता, लीलाराम वर्मा ने खुशी जताई है।


उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रयास संगठन को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

# नशे के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

- लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाडा अर्न्तगत नशे के खिलाफ विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें जिलाभर में लोगों में जागरूकता के लिए विभिन्न जगहों पर सेमिनार, साइकिल रैली, नुक्कड़ सभाएं, खेलकूद की गतिविधियों आदि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों मे नशे से दूर रहने तथा इससे होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक कर रही है। पुलिस टीमों ने चौक चौराहों एवं घर घर जाकर आमजन, माता-पिता व उनके बच्चों से मिलकर नशे से बचाने के लिए जागरुक किया। साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। जागरूकता टीम ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा के दुष्प्रभाव से व्यक्ति कभी संभल नहीं पाता है। नशा नाश है, जिससे एक व्यक्ति के साथ साथ उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। पहले तो व्यक्ति छोटे मोटे नशे करता है फिर धीरे धीरे वह बड़े नशे का प्रयोग करने लग जाता है।


साइकिल रैली निकालते पुलिसकर्मी।

# कर्मचारियों को दिया फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

- रेडक्रॉस का औद्योगिक इकाईयों के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वर्तमान की भागदौड़ भरी जिंदगी में छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है, लेकिन पीड़ित व्यक्ति को समय पर प्राथमिक उपचार न दिया जाए तो छोटी-मोटी दुर्घटना भी बड़े नुकसान की वजह बन सकती है। विशेषकर औद्योगिक इकाई में ऐसे मामले बहुत सामने आते है, जहां प्राथमिक उपचार की जानकारी के अभाव में किसी भी कारण से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति को बड़ा खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है, ऐसे में प्रत्येक घायल तक प्राथमिक उपचार पहुंचाकर उसकी जान बचाने के अभियान के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा औद्योगिक इकाई के लिए प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर शुरु किए हैं।इसी कड़ी में उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स कंपनी के प्रांगण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया, जो शनिवार को संपन्न हो गया। शिविर में रेडक्रॉस के फर्स्ट एड प्रवक्ता संजय कामरा ने कंपनी के कर्मचारियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया। रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी औद्योगिक इकाईयों को अपने-अपने कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिलवाना जरूरी है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को काल का ग्रास बनने से बचाकर खुशियां भी जीवित रख सकते हैं।


भिवानी। शिविर में औद्योगिक इकाई के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते आरआईसीटी के प्रबंधक संजय कामरा।

### प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को पोर्टल चलाया

शिविर का उद्देश्य दुर्घटना के समय अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाना ही इस शिविर का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा फर्स्ट एड का प्रमाण पत्र जल्द एवं आसानी से उपलब्ध करवाने के लिए पोर्टल भी चलाया है। रैडक्रॉस द्वारा औद्योगिक इकाईयों के अलावा परिचालकों के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है, जो आठ दिवसीय होता है तथा पोर्टल पर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के लिए पंजीकरण किया जाता है।

# शिविर में 35 किशोरियों व महिलाओं की हुई जांच

- एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अभियान के तहत लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भिवानी के एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अभियान के तहत रक्त शनिवार को पतराम गेट स्थित शारदा मिडल स्कूल में रक्तए शुगर व बीपी शुगर जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन लैब टेक्नीशियन मोनू के सहयोग से आयोजित किया गयाए जिसमें 35 किशोरियों व महिलाओ की बीपीए शुगर एवं रक्त की जांच की गई। इस दौरान 9 ग्राम से कम रक्त वाली महिलाओ को आयरन एवं फोलिक एसिड की टैबलेट तथा चने वितरित किए। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भिवानी के सचिव अधिवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भिवानी द्वारा समय.समय पर समाजसेवा के कार्य किए जाते रहे है। जिसमें बीपी, शुगर एवं रक्त की जांच शिविर भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सही और उचित रूप से आहार ना लेने के कारण कुपोषण की समस्या पनपती हैए जो कि किशोरियों में विशेष रूप से देखी जाती है। ऐसे में किशोरियों व महिलाओं को पौष्टिक आहार जरूर लेना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु.2000/-<br>रु.2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# एनएसयूआई ने फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नई शिक्षा नीति के नाम पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा की गई फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के निर्देशानुसार एवं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान सहित अन्य पदाधिकारियों ने शनिवार को महाराजा नीमपाल राजकीय महाविद्यालय मे हस्ताक्षर अभियान चलाया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को एमडीयू रोहतक के छात्र विरोधी कदम से अवगत करवाया तथा इसके खिलाफ विरोध करने को लेकर छात्र शक्ति को एकजुट किया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बीए का स्थान बीए ऑनर ने ले लिया, वहीं इसी के नाम पर एमडीयू प्रशासन द्वारा फीस में पांच गुणा तक बढ़ोत्तरी कर दी है, जिसके चलते गरीब तबके के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का अधिकार भी पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसा रही सरकार: कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

किसी भी सरकार का दायित्व होता है कि वह अपने मतदाताओं की सुविधा की तरफ ध्यान देकर उन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में कसर न छोड़े, लेकिन भाजपा सरकार आमजन को राहत पहुंचाने वाली योजनाएं बनाने की बजाय उनके सामने समस्याओं का अंबार लगाने में माहिर होती जा रही है, जिसका उदाहरण इन दिनों प्रदेशभर में गहराई पेयजल व बिजली की किल्लत है। ये बात युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने शनिवार को कस्बा के गांव खानक में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कही। कमल प्रधान ने कहा कि आज प्रदेशभर में पेयजल व बिजली का संकट छाया हुआ है, जिसके चलते लोगों के बीच त्राहि-त्राहि मची हुई है तथा रोजाना कहीं न कहीं रोड जाम व प्रदर्शन किए जा रहे है।


भिवानी। ग्रामीणों से बातचीत करते कमल सिंह प्रधान। फोटो :हरिभूमि

### विधानसभा चुनाव में ज्यादा दिन नहीं बचे

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में ज्यादा दिन नहीं बचे है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसाने की बजाय उन्हें हर सुविधा मुहैया करवाएं, नहीं तो मतदाता वोट की चोट से राजनीतिक पार्टियों को सबक सिखाने का काम करेगा।

इसके बावजूद भाजपा सरकार की कुंभकरर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही। यही नहीं प्रदेश के युवा बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर है।

**कार्यक्रम** चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप का सात दिवसीय सर्विस कैंप जारी

# भिवानी में 15 अगस्त से पहले बनेगा स्काउटस चौक

- नप चेयनर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने पौधरोपित व फायरिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दी हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द्वारा भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय लोहड़ में वर्धमान ज्वैलर्स के सौजन्य से सात दिवसीय सर्विस कैंप चौथे दिन भी जारी रहा। कैंप में नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह बतौर मुख्यतिथि पहुंचे तथा उन्होंने तुलसी सहित 11 पौधें रोपित किए तथा प्रशिक्षण में फायरिंग कर कैंप की शुरूआत की। शिविर की अध्यक्षता गुरप के गुरप लीडर सागर, मंच संचालन सह गुरप लीडर अमित व गाइड एवं रेंजर कैप्टन पुष्पा देवी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए किताबी ज्ञान के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी पारंगत होना जरूरी है, इसीलिए प्रत्येक विद्यार्थियों को स्काउट् की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्काउट्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 15 अगस्त से पहले स्काऊट के नाम से चौक का निर्माण करवाया जाएगा। गुरप लीडर सागर व जिला आयुक्त (स्काउट) श्रीभगवान ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का समापन 18 जून को होगा। इस अवसर पर गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़, आदित्य, देवेश, अनुज, शुभम, चेतन, आशीष, अंकित, सिद्धार्थ, अमन, सोनू मौर्या, जोगेंद्र, पुनीत, श्रीयांश, नमन, ध्रुरव, विवेक, रमन, अनिकेत, योगेश, आर्यन, नवीन, अभय प्रताप आदि मौजूद रहे।


भिवानी। सर्विस कैंप में फायरिंग करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह।